Seat No. : _______________

XY-116

B.A. Sem. - IV

April-2013

Hindi (CC-212)

(Nibandh Aur Anya Gadya Vidhayan)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

1. (अ) 'लोभ और प्रीति' निबंध का सारांश अपने शब्दों में लिखिए । **7**

अथवा

'इन दिनों साहित्य और जीवन में घनिष्ठ संबंध स्थापित करने की जोरदार माँग बढ़ रही है ।' – इस कथन को 'साहित्य और जीवन' निबंध के आधार पर समझाइए ।

(ब) 'देवदारू' निबंध में देवदारू वृक्ष का शिव से संबंध, तांडव नृत्य का इतिहास, देवदारू के सौन्दर्य और उसके समझौता परस्त न होने के मिजाज पर प्रकाश डालिए । **7**

अथवा

'जमुना के तीरे-तीरे' में भारतीय परम्परा और संस्कृति के प्रति निबंधकार के मन में अटूट आस्था है । – समझाइए ।

(क) 'ठकुरी बाबा' रेखाचित्र के आधार पर ठकुरी बाबा के विरल व्यक्तित्व की विशेषताएँ बतलाइए । **7**

अथवा

'हिन्दी-भूषण बाबू शिवपूजन सहाय' संस्मरण का सारांश लिखिए ।

(ड) 'तुम कब जाओगे, अतिथि' व्यंग्य का कथासार अपने शब्दों में लिखिए । **7**

अथवा

'श्रीमान का स्वागत' में निहित व्यंग्य पर प्रकाश डालिए ।

2. संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(अ) विराट कवि – सम्मेलन का खोखलापन **4**

अथवा

निराला और शिवपूजन सहाय के बीच सखा भाव

(ब) लोर्ड कर्जन के आने पर बेबस भारतवासी **4**

अथवा

'तुम कब जाओगे, अतिथि' शीर्षक की सार्थकता

3. संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

(अ) जब हमारा लोभ किसी एक ही व्यक्ति पर स्थिर हो जायेगा, हमारी वृत्ति एकनिष्ठ हो जायेगी, तब हम प्रेमी कहे जाने के अधिकारी होंगे । पर साधारणत: मन की ललक यदि वस्तु के प्रति होती है तो लोभ और किसी प्राणी या मनुष्य के प्रति होती है तो प्रीति कहलाती है । **4**

अथवा

जीवन यदि संपूर्णता से रहित है तो साहित्य उसके सहित है, तभी तो उसका नाम साहित्य है । तभी तो साहित्य जीवन से अधिक सारवान और परिपूर्ण है तथा जीवन का नियामक और मार्गद्रष्टा भी रहता आया है ।

(ब) महादेव ने आँखे मूँद ली थीं, देवदारू ने खोल रखी थी । महादेव ने भी जब आँख खोल दी तो तुक बिगड़ गया, छंदोभंग हो गया, त्रैलोक्य को महाविहल करने वाला देवता भस्म हो गया । **4**

अथवा

जो अपने प्राणों का मोह छोड़कर ऊँचे कगार से कूद जाने का बस एक बार साहस कर सके, उसी की वह धारा है । उस धार में कूदने वाला स्वयं नौका बन जाता है, उसे ले जाने के लिए किसी दूसरी नौका की आवश्यकता नहीं रह जाती ।

4. **एक** या **दो** वाक्यों में उत्तर दीजिए : **12**
   (i) महादेवी जी को कल्पवास का मोह क्यों है ?
   (ii) शिवपूजन सहाय ने अपने ब्याह का न्योता निराला को कैसे भेजा ?
   (iii) दिल्ली दरबार में किन बातों की कसर रह गयी थी ?
   (iv) साहित्यकार वैचारिक रूप से स्वतंत्र क्यों होना चाहिए ?
   (v) देवदारू को किन-किन संबोधनों से संबोधित किया गया है ?
   (vi) 'कलिमल हरनी' का क्या अभिप्राय है ?

5. (अ) **एक** वाक्य में उत्तर दीजिए : **5**
   (i) समालोचक किसका गुणवान करते हैं ?
   (ii) यमुना की धारा में कूदने वाला स्वयं क्या बन जाता है ?
   (iii) ठकुरी बाबा के दल को बरामदे में ठहरने की इजाजत किसने दी ?
   (iv) शिवपूजन सहाय किस मण्डल के अन्यतम सदस्य थे ?
   (v) 'लोभ और प्रीति' निबंध किस निबंध संग्रह से लिया गया है ?

   (ब) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : **5**
   (i) बालमुकुन्द गुप्त की सर्वाधिक प्रसिद्ध कृति _________ है ।
   (ii) अतिथि सदैव _________ नहीं होता ।
   (iii) कल्पवासी _________ ही बार खाते ।
   (iv) देवदारू देवताओं का _________ पेड़ है ।
   (v) लोभ एक _________ है ।

   (क) सही जोड़े मिलाइए : **4**

	अ		**ब**
(1)	श्रीमान का स्वागत	(i)	महादेवी वर्मा
(2)	ठकुरी बाबा	(ii)	रामचन्द्र शुक्ल
(3)	जमुना के तीरे-तीरे	(iii)	बालमुकुन्द गुप्त
(4)	लोभ और प्रीति	(iv)	विद्यानिवास मिश्र

____